an>

Title: Need to take steps to prevent the flow of industrial waste into dams in Robertsganj Parliamentary constituency of Uttar Pradesh.

श्री छोटेलाल (राबर्ट्सगंज) : आपने मुझे अति महत्वपूर्ण विषय को शून्य काल में बोलने की अनुमति दी, इसके लिए धन्यवाद। महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र राबर्ट्सगंज, सोनभद्र में ग्राम खैराही, बराईदार, डडिहरा ब्लॉक मैंअरकुल, रेनूकोट, जिला सोनभद्र इत्यादि गांवों में पीने का पानी दूषित हो गया है, उसमें फ्लोराइड है। वहां पर बड़े-बड़े डैम तथा कई बड़ी-बड़ी कंपनियां हैं, जिनका गंदा पानी डैम में गिरता है, जिसकी वजह से वहां का पानी जहरीला हो गया है। जिले के अधिकारी और राज्य सरकार भी इस बात से अच्छी तरह से अवगत है, लेकिन कोई भी कारगर कदम नहीं उठाया जा रहा है। वहां के लोग दूषित पानी पीने से कई प्रकार की बीमारियों, जैसे विकलांगता, फ्लेरिया आदि रोगों से ग्रसित हो रहे हैं। यह ख़बर इंडिया न्यूज़ तथा दैनिक समाचारों के माध्यम से भी प्रकाशित की जा चुकी है। मैं स्वयं उस गांव का दौरा कर चुका हूं सभी अधिकारियों को अवगत करा चुका हूं। मैं सदन के माध्यम से मांग करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र राबर्ट्सगंज-सोनभद्र के सभी हेण्डपाइप की जांच करा कर लोगों को स्वच्छ पानी पीने के लिए उचित व्यवस्था की जाए, आपकी अति कृपा होगी।